बिहार प्रशासनिक सेवा संघ,

वजीन्द्र नारायण सिंह
(डब्लु.एन.सिंह)
अध्यक्ष
गंगाधर लाल दास
(जी.एल. दास)
महासचिव

फोन:-
अध्यक्ष-2226623(आ.)
महासचिव-2286865(आ.)

पत्रांक....1.....

पटना, दिनांक..7-02-03

सेवा में ,

अध्यक्ष, राज्य परामर्श दातृ समिति
बिहार /झारखण्ड
पटना।

बिषयः-बिहार प्रशासनिक सेवा के विभाजन में अनावश्यक बिलम्ब होने के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त बिषय के संबंध में कहना है कि

(क). राज्य पुनर्गठन के फलस्वरुप बिहार एवं झारखण्ड के बीच पदाधिकारियो केसेवा संवर्ग का बँटवारा एक वर्ष के अन्दर हो जाना था। परन्तु दो वर्षों से अधिक हो जाने के बाद भी अभी तक बँटवारा नही हो पाया है।सेवा संघ द्वारा कैडर का विभाजन शीघ्र कराने हेतु सरकार एवं राज्य परामर्श दातृ समिति से लिखित एवं मौखिक अनुरोध किया गया। संघ का अध्यक्ष होने के नाते मैंने व्यक्तिगत रुप से भी आपसे अनुरोध किया गया, पर सब बेकार गया।

ख. कैडर विभाजन न हाने के कारण 1999 से ही हमारे सेवा संवर्ग में प्रोन्नति नही दी जा रही है।

कोई न कोई बहाना ढूढ़कर प्रेन्नति बाधित की जा रही है। यहाँ तक कि बिगत तीन वर्षों में भारतीय प्रशासनिक सेवा में भी प्रोन्नति नही दी गयी। संघ लोक सेवा आयोग के अनुरोध/निदेश के वावजूद प्रगति शून्य है। स्थिति कुल मिलाकर अत्यन्त ही असंतोष जनक है।

ग. कैडर विभाजन में अनावश्यक विलम्ब को देखते हुए संघ कि एक आपात्कालितबैठक की गई जिसमें कैडर विभाजन के लिए दोषी राज्य परामर्श दातृ समिति के पूर्व एवं वर्तमान अध्यक्ष की तीव्र भर्तस्ना की गयी। संघ ने सभी स्थितियों का आकलन करते हुए यह मंतब्य गठित किया कि परामर्श दातृ समिति अध्यक्ष द्वारा अपने कुछ चहेते पदाधिकारियों को कुछ और दिनों तक महत्वपूर्ण पदों पर आसीन रहने जिन्हें उन्होने पदस्थापित किया/ कराया के लिए ही कैडर विभाजन न करने का सभी कुचक्र रचने का काम किया जा रहा है। अगर यह सच है तो संघ आपके इस घृणित कारर्वाई की निन्दा/ भर्तस्ना करता है।

संघ ने केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के भी नकारात्मक कारर्वाई को गम्भीरता से लिया है। कैडर विभाजन न होने के कारण भारतीय प्रशासनिक सेवा सहित कैडर के प्रत्येक सोपान पर प्रोन्नति न देने के लिए कुचक्र रचने की भी तीव्र भर्तस्ना की गयी।संघ ने पुनः आन्दोलन की तैयारी शुरू कर दी है। अन्तिम रुप से बँटवारे की संभावित तिथि 22 फरवरी 2003 को अगर सम्पूर्ण कैडर का अन्तिम विभाजन न हो पाया तो 23 फरवरी 2003 को आपके कार्यालय में ही आपका घेराव किया जायेगा तथा हम आगे विभिन्न चरणो में आन्दोलन को विवश होंगे जिसकी सारी जिम्मेवारी सरकार एवं राज्य परामर्शदातृ समिति की होगी।

विश्वास भाजन

गंगाधर लाल दास
महासचिव

वजीन्द्र नारायण सिंह
अध्यक्ष

प्रतिलिपि :- संपादक, सभी हिन्दी एवं अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र। ब्यूरोचीफ, यू.एन.आई, पी.टी. आई.। समाचार संपादक, दूरदर्शन/ आकाशवाणी /बिहार न्यूज को सूचना एवं आवश्यक प्रकाशन, प्रसारण हेतु प्रेषित।

7-02-03
(गंगाधर लाल दास)
महासचिव

वजीन्द्र नारायण सिंह
अध्यक्ष